राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(कार्यालय : प्रशासनिक भवन, हल्दीना, तहसील मालाखेड़ा, जिला अलवर (राज.) पिन कोड 301406)

☎ Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321

Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक : राऋभमवि/अल/ परीक्षा/2025/542 दिनांक : 03.01.25

परिपत्र

प्राचार्य

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

विषयः- APAAR आई.डी./ ABC आई.डी. नहीं बनने एवं तकनिकी त्रुटि के कारण विद्यार्थियों के समक्ष ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु दिशा-निर्देश।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको विदित है कि विश्वविद्यालय नियम एवं प्रक्रियानुसार प्रत्येक परीक्षार्थी को अपनी APAAR आई.डी./ ABC आई.डी. बनवाना एवं यदि इनमें किसी भी प्रकार की तकनिकी अथवा अन्य त्रुटि है तो तत्संबंधित नियम एवं प्रक्रियानुसार इनमें आवश्यक संशोधन एवं अपडेशन करवाना अनिवार्य है तदनुसार ही विश्वविद्यालय परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरे जा सकते हैं।

इस परिप्रेक्ष्य में संज्ञान में आया है कि अभी तक असंख्य छात्र/छात्राओं द्वारा APAAR आई.डी./ABC आई.डी. नहीं बनवायी गयी है तथा असंख्य छात्र/ छात्राओं द्वारा पूर्व में बनवायी गयी आई.डी. में तकनिकी त्रुटि है या इनमें अपडेशन नहीं करवाया गया है जिसके कारण छात्र/छात्राओं के समक्ष शैक्षणिक सत्र 2024-25 के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं के तत्कालिक निराकरण हेतु निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किये जाते है:-

1. ऐसे छात्र जिकी आयु 18 वर्ष से कम है एवं जिनकी APAAR आई.डी. तथा ABC आई.डी. किसी कारण स्वरूप बन नहीं पा रही है, वे अपने आधार कार्ड के आधार पर सम्बन्धित कॉलम में 555555555555 अंक दर्ज कर ऑनलाइन परीक्षा आवदेन पत्र भर सकते है। ऐसे विद्यार्थियों के आधार कार्ड में उल्लेखित किये गये नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि का 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका में दर्ज विवरण से मिलान होना अनिवार्य है साथ ही आधार में अंकित मोबाईल नम्बर परीक्षा आवेदन पत्र के मोबाईल नम्बर से मिलान होना आवश्यक है।
2. उक्त छात्रों द्वारा अपनी APAAR आई.डी./ABC आई.डी. प्रक्रियानुसार अतिशीघ्र तैयार करवायें। APAAR आई.डी./ABC आई.डी. न होने की स्थिति में ऐसे छात्रों के परीक्षा परिणाम जारी नहीं किये जायेंगें।
3. ऐसे छात्र जिनकी APAAR आई.डी./ABC आई.डी. में त्रुटि है वे भी APAAR आई.डी./ABC आई.डी. के कॉलम में 555555555555 दर्ज कर अपना परीक्षा आवेदन फॉर्म आधार नम्बर के आधार पर इस आशय के साथ भर सकते हैं कि वे आधार पोर्टल पर प्रक्रियानुसार APAAR आई.डी./ABC आई.डी. अपडेट करवाने के पश्चात् तदनुसार https://erp.univindia.org पर भी अपलोड किया जाना संबंधित छात्र/छात्रा एवं महाविद्यालय/केन्द्र/विभाग द्वारा सुनिश्चित करने का श्रम करें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : राऋभमवि/अल/ परीक्षा/2025/543-545 दिनांक : 03.01.25

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु :-

1. आई.टी. प्रभारी।
2. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय।
3. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।

परीक्षा नियंत्रक